प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

18.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

स्टार्टअप महाकुंभ

राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आज से तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ शुरू हो रहा है। इस इवेंट में 2,000 से अधिक उद्यमी शामिल हो रहे हैं। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक स्टार्टअप, एक हजार से अधिक निवेशक, 300 इनक्यूबेटर, तीन हजार सम्मेलन प्रतिनिधि, 20 से अधिक देश के प्रतिनिधि, सभी भारतीय राज्यों के भावी उद्यमी, 50 से अधिक यूनिकॉर्न और 50 हजार से अधिक व्यवसायी शामिल हो रहे हैं। इस महाकुंभ का उद्देश्य पूंजीपतियों और निवेशकों को भारतीय व्यापार के साथ जोड़ना है।

भाजपा

भाजपा के 9 विधायक विधानसभा सचिवालय की तरफ से जारी नोटिस का जवाब आज प्रस्तुत करेंगे। जिसके लिए भाजपा विधायक दल की बैठक आज सुबह विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में रखी गई है। बैठक में इस मामले में भाजपा विधायकों की राय के बाद ही नोटिस का जवाब विधानसभा अध्यक्ष को दिया जाएगा। विधानसभा सचिवालय की तरफ से बीते दिनों कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी की एक शिकायत पर भाजपा के 9 विधायकों इंद्र सिंह गांधी, विपिन सिंह परमार, विनोद कुमार, हंसराज, सतपाल सिंह सत्ती, दीपराज, त्रिलोक जम्वाल, लोकेंद्र कुमार और सुरेंद्र शौरी को नोटिस जारी किए गए थे। संविधान के अनुच्छेद–194 के तहत जारी नोटिस में विधानसभा बजट सत्र के दौरान इन सदस्यों के आचरण से कार्यवाही में बाधा और अन्य सदस्यों के विशेषाधिकार हनन का आरोप है।

बागी विधायक

कांग्रेस के 6 बागी विधायकों द्वारा दायर की गई याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। प्रदेश में उपचुनाव के ऐलान के बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के लिए यह मामला महत्वपूर्ण है और दोनों दल आज की सुनवाई के बाद ही उपचुनावों के लिए अपनी रणनीति तैयार कर पाएंगे। प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र में अनुपस्थित रहने और पार्टी विप के उल्लंघन पर कार्यवाही के चलते इन विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। ऐसे में निर्वाचन आयोग ने संबंधित 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव करवाने की घोषणा भी कर दी है।

भू–स्खलन

चंडीगढ–शिमला राष्ट्रीय उच्चमार्ग–5 पर कुमारहट्‌टी से सोलन के बीच महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी के पास भू–स्खलन के चलते यातायात बाधित हुआ है। इसके कारण अब चंडीगढ़ से शिमला की ओर आने वाले वाहनों को वाया बड़ोग डाइवर्ट किया गया है। हालांकि शिमला से चंडीगढ़ की ओर जाने वाले यातायात में कोई बाधा नहीं है केवल शिमला की ओर आने वाले वाहनों के लिए ही सड़क बाधित हुई है।

व्यावसायिक शिक्षा

प्रदेश के स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर मंथन को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला आज से शिमला में होने जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का मकसद प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग व संवाद करना है। दो दिवसीय कार्यशाला में व्यावसायिक शिक्षा की चुनौतियों के साथ ही पर्यटन व आतिथ्य, दूर संचार, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, कृषि, प्राइवेट सिक्योरिटी क्षेत्रों में संभावनाओं पर भी मंथन होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 1274 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा छात्रों की प्रदान की जा रही है। ताकि छात्र शिक्षा ग्रहण करने के बाद रोजगार हासिल करने के काबिल बन सके।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **कांग्रेस के 6 अयोग्य विधायकों की याचिका पर सुनवाई आज।** **पंजाब केसरी** का शीर्षक है **कांग्रेस**

के 6 बागियों की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई। दिव्य हिमाचल ने लिखा है आज सुप्रीम कोर्ट पर हिमाचल की नजर। दैनिक भास्कर का कहना है अयोग्य घोषित कांग्रेस के 6 विधायकों के मामले की आज शीर्ष कोर्ट में सुनवाई, फैसले के बाद बदलेंगे राजनीतिक समीकरण। दैनिक जागरण के अनुसार अयोग्य घोषित विधायकों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज।

नई दिल्ली में कांग्रेस के टिकटों पर आज और कल होगा मंथन शीर्षक से अमर उजाला ने लिखा है आज महाराष्ट्र से दिल्ली पहुंचेंगे सीएम सुक्खू प्रतिभा और मुकेश भी जाएंगे।

भाजपा के 9 विधायक आज देंगे नोटिस का जवाब पंजाब केसरी की एक खबर है। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं स्पीकर को आज नोटिस का जवाब देंगे 9 भाजपा विधायक।

सरकारी वेबसाइट से हटेंगे नेताओं के फोटो शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने खबर दी है आचार संहिता की होगी पालना, आज से बचे हुए होर्डिंग और बैनर भी हटाएगा प्रशासन। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं आचार सहिंता लगते ही हटने लगे पोस्टर–बैनर।

मौसम से जुड़ी खबर को दैनिक जागरण ने शीर्षक दिया है आज से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, दो दिन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में होगी वर्षा व हिमपात। हिमाचल दस्तक ने लिखा है ऊना का तापमान 30 डिग्री के पार, धूप के खिलने से दिन के समय मैदानों में बढ़ा तापमान। अमर उजाला के शब्द हैं तीन दिन मौसम साफ–21 से फिर बारिश के आसार।

अमर उजाला के अनुसार छह मंदिरों में एक दिन में 1 लाख 51 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा।